अर्नोल्ड वेस्कर पर नेहा की नौवीं पुस्तक का विमोचन

भोपाल (हिनप्र)। हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, की भाषा विभाग प्रमुख डॉ. नेहा गुप्ता ने प्रसिद्ध नाटककार अर्नोल्ड वेस्कर पर अपनी नवीनतम पुस्तक का विमोचन किया। यह नया प्रकाशन अंग्रेजी साहित्य का अध्ययन कर रहे स्नातकोत्तर छात्रों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने का उद्देश्य रखता है, जो वेस्कर के कार्यों पर गहन विश्लेषण और अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

डॉ. गुप्ता की यह नौवीं पुस्तक है, जो उनके प्रभावशाली पोर्टफोलियो में एक और महत्वपूर्ण व विद्वत्तापूर्ण योगदान है। उनका व्यापक शोध और विशेषज्ञता इस पुस्तक को विद्वानों और उभरते नाटककारों के लिए एक मूल्यवान संसाधन बनाते हैं। पुस्तक न केवल वेस्कर के नाट्य योगदानों की गहराई से पड़ताल करती है, बल्कि उनके नाटकों और उनके सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभाव की समझ को बढ़ाने हेतु भी महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान करती है। संत कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने बधाई संदेश में डॉ. गुप्ता के समर्पण और विद्वत्तापूर्ण उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा, डॉ. नेहा गुप्ता की नई पुस्तक अंग्रेजी साहित्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान है। उनका सूक्ष्म शोध और अंतर्दृष्टिपूर्ण विश्लेषणपरक लेखन निस्संदेह छात्रों और विद्वानों को लाभान्वित करेगा।

डॉ. गुप्ता की अर्नोल्ड वेस्कर पर पुस्तक अब फ्लिपकार्ट, किंडल और अमेज़न जैसे प्रमुख प्लेटफार्मों पर उपलब्ध है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दतिया आएंगे

भोपाल (काप्र)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार सुबह दतिया आएंगे। सुबह 10 बजे वे पीतांबरा मंदिर के दर्शन करेंगे।

पीताम्बरा मंदिर पर पहुंचकर करेंगे पूजा-अर्चना

गृहमंत्री का कार्यक्रम तय होने के बाद पुलिस ने पीतांबरा मंदिर पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार, गृहमंत्री झांसी में एक कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह पीतांबरा पीठ पर विशेष अनुष्ठान में भाग लेंगे और महाभारत कालीन वन खंडेश्वर महादेव का जल अभिषेक करेंगे। वहीं दतिया में शाह की अगुवानी मध्यप्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा करेंगे।

सीआरपीएफ जवान बताकर दिया कार बेचने का झांसा और ठग लिए दो लाख

भोपाल(काप्र)। मिसरोद पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला कायम किया है।

शातिर जालसाज ने खुद को सीआरपीएफ का जवान बताते हुए सामान और कार बेचने का झांसा देकर फरियादी से 2 लाख 33 हजार की रकम ट्रांसफर करा ली और फिर मोबाइल फोन बंद कर लिया। जानकारी के अनुसार गोल्डन सिटी फेस-2 मिसरोद में रहने वाले रमेश कुमार ने लिखित शिकायत करते हुए बताया की वह इलेक्ट्रिकल्स की दुकान चलाते हैं। बीते दिनों एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें फोन कर खु को सीआरपीएफ का जवान बताते हुए कहा कि वर्तमान में वह एयरपोर्ट पर तैनात है। लेकिन उसका प्रमोशन हो गया है, और उसे दूसरे शहर जाकर ज्वाइनिंग करनी है, लेकिन वह अपने साथ सामान नहीं ले जा सकता, इसलिए अपने सामान को जल्द ही सस्ते दामो पर बेचना चाहता है। उसके झासें आये रमेश कुमार ने सामान खरीदने के लिये बातचीत की तब उसने सामान की फोटो वाट्सएप पर भेज दी। बातचीत तय होने के बाद शातिर ने सामान को पैक करते हुए फोटो भी रमेश को भेज दिए। उस पर विश्वास कर रमेश कुमार ने उसके बताए एकाउंट में 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जालसाज ने एक कार का फोटो भेजते हुए उसे भी बेचने की बात कही।

मजदूर ने लगाई फांसी

बिलखिरिया थाना इलाके में बीती रात एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि परिवार के साथ आदमपुर छावनी, बिलखिरिया में रहने वाला 35 वर्षीय भजनलाल पंजाबी पिता दारा सिंह पंजाबी मजदूरी करता था। बीती रात करीब 11 बजे उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। बाद में पत्नी ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देख पास रहने वाले रिश्तेदार संतोष यादव को घटना के बारे में बताया। संतोष से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जॉच के बाद मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है।

समर कैम्प में हुनर सीख रहे एलवीएस के 200 बच्चे

31 मई को होगा समापन व पुरस्कार वितरण

भोपाल (हिनप्र)। एलवीएस ग्रुप ऑफ स्कूल गांधीनगर में समर कैंप 1 मई से आरंभ हो गया है, जहां बच्चे अपनी मनचाही एक्टिविटी का हिस्सा बन अपने समय का सदुपयोग कर रहे हैं।

कैंप में बच्चों को नृत्य, संगीत, खेलकूद, केलीग्राफी, कम्प्यूटर, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, मेहंदी, अंग्रेजी आदि सिखाया जा रहा है। इन विधाओं में बच्चे खुले मन से भाग ले रहे हैं, शिविर का आयोजन सुबह 9:30 से दोपहर 12.30 बजे तक किया जाता है। शाला की प्राचार्या श्रीमती जयश्री ममतानी ने समर कैम्प की जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों को कैम्प में धूम मस्ती के साथ कई नई चीजें सीखने का मौका मिलता है। छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया जा रहा है। शिविर में आसपास के विद्यालयों के लगभग 200 बच्चे भाग ले रहे हैं। शिविर का समापन 31 मई को होगा व एक कार्यक्रम आयोजित कर विविध विधाओं में सम्मिलित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरूस्कृत किया जाएगा।

राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में प्रेरणा व गौरी को पुरस्कार

भोपाल (हिनप्र)। पंडित कुंजीलाल दुबे संसदीय विद्यापीठ ने राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें 1200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में संतनगर के नवनिध स्कूल की छात्रा प्रेरणा रतलानी हिंदी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रेरणा को विद्यापीठ ने 9000 की नगद राशि एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया। इसी श्रृंखला में, अंग्रेजी में गौरी मनेरिया ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया है। विद्यापीठ ने गौरी को 3000 की नगद राशि एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया। विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी छात्राओं को बधाई दी है।

बैरागढ़ के टी वार्ड में तीन घरों को निशाना बनाया चोरों ने

बुजुर्गों को बेडरूम में किया बंद, बहू के कमरे से 40 लाख गहने ले उड़े

भोपाल (हिनप्र)। बैरागढ़ के टी वार्ड में बीती रात चारों ने तीन घरों को निशाना बनाया। एक घर में बुजुर्ग दंपती को उनके बेडरूम में बंद कर चोरी की गई, यहां से करीब 40 लाख रूपये के आभूषण लेकर चंपत हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार बैरागढ़ के टी वार्ड में रहने वाले चंद्र बेलानी अपनी पत्नी के साथ नीचे के कमरे में सो रहे थे। देर रात में पटरी की ओर से घर की खिड़की तोड़कर चोर अंदर घुसे। चोरी से पहले चारों ने उस कमरे के गेट को बाहर से रस्सी से बांध दिया, जिसमें बुजुर्ग दंपती सो रहे थे। चोरों ने बड़े इत्मीनान से वारदात को अंजाम दिया। किचन में रखे फ्रिज में में रखा सामान भी खाया। जुर्ग दंपती की बहू के कमरे में अलमारी में रखे गहनों पर हाथ साफ किया। बताया जा रहा है 20 तोला के गहने, जिनका बाजार मूल्य करीब 40 लाख रुपए है गायब हुए हैं। चोरी का पता तब चला जब बेलानी की पत्नी बाथरूम के लिए उठीं। कमरे का गेट खोलना चाहा, लेकिन गेट नहीं खुला। पत्नी ने पति से कहा, देखो गेट नहीं खुल रहा है। बेलानी ने जोर दरवाजा खोला तब रस्सी खुलन पर गेट खुला। घटना से बुजुर्ग दंपती सहमे हुए हैं, बेलानी का बेटा विदेश में बिजनेस करता है। बहू अपने मायके गई हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

टी वार्ड में ही दो जगह और चोरी : इसी इलाके में दो अन्य मकानों को भी चोरों ने अपना निशाना बनाया है। यहां भी चोरी करने का तरीका एक सा है। यहां भी चोर बेडरूम और मुख्य द्वार को रस्सी और दुपट्टा से बांधकर चिकन के रास्ते पीछे से घुसे हैं। एक घर से चोर 20 हजार नकद ले गए हैं।

ट्रैक्टर गड्ढे में गिरने से घायल युवक की मौत

भोपाल(काप्र)। बैरसिया इलाके में ट्रैक्टर के गड्ढे में गिरने से घायल हुए युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम निदानपुर निवासी 18 वर्षीय शायल जाटव गुरुवार सुबह खेत पर ट्रैक्टर चला रहा था। अचानक ही ट्रैक्टर का एक पहिया गड्ढे में उतरने से शायल सिर के बल जमीन पर जा गिरा। हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोट आई थी, परिवार वाले उसे इलाज के लिए तत्काल ही अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। हॉस्पिटल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जॉच शुरु कर दी है।

NAME CHANGE
My Old name was FATEMA SAIFUDDINBHAI SARABAR D/O SAIFUDDINBHAI TAHERALI SARABAR. Written on my previous Passport. I have changed my name. My new name is now known as FATEMA SAIFUDDIN SARABAR D/O SAIFUDDIN TAHERALI SARABAR.
Residence Flat No. 328, Ali Apartment Near Mahal Ashok Colony Bhopal (M.P.) 462001
526

पेज एक से जारी खबरों के शेष...

बीस साल पुरानी...

जायेगा। मालीवाल ने शुक्रवार को बिना किसी का नाम लिये कहा कि घटना का आधा-अधूरा वीडियो डालकर अपराध करने वाले को बचाने की कोशिश की जा रही है।उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी इस राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं।पार्टी ने केजरीवाल के निजी सहायक के खिलाफ राज्यसभा सदस्य मालीवाल द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। आप की यह टिप्पणी दिल्ली पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के मामले में केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के एक दिन बाद आई है। आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि वह पहले से मुलाकात का समय लिए बिना मुख्यमंत्री आवास पहुंची थीं और उनका इरादा केजरीवाल के खिलाफ आरोप लगाने का था। आतिशी ने कहा कि आज एक वीडियो सामने आया है, जिसने मालीवाल के झूठ की पोल खोल दी है। अपनी प्राथमिकी में उन्होंने कहा है कि उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और वह दर्द में थीं और उनकी शर्ट के बटन तोड़ दिए गए। सामने आया एक वीडियो बिल्कुल अलग हकीकत बयां करता है। आतिशी ने कहा कि वीडियो में मालीवाल आराम से ड्राइंग रूम में बैठी हुई और सुरक्षा कर्मचारियों को धमकाते हुए दिख रही हैं, और उनके कपड़े नहीं फटे थे। उन्होंने दावा किया कि वीडियो में वह कुमार को धमकी देती दिख रही हैं। मालीवाल द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं। मालीवाल ने केजरीवाल से मिलने की जिद की। वह राज्यसभा सदस्य हैं और उन्हें पता होना चाहिए कि मुख्यमंत्री का व्यस्त कार्यक्रम होता है। कुमार ने उन्हें बताया कि मुख्यमंत्री व्यस्त हैं और उनसे मिलने में असमर्थ हैं। वह उन पर चिल्लाईं, उन्हें (कुमार को) धक्का दिया और मुख्यमंत्री निवास के आवासीय हिस्से में घुसने की कोशिश की।

महिला आयोग ने बिभव कुमार के घर चिपकाया नोटिस: राष्ट्रीय महिला आयोग ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के घर पर नोटिस चिपकाया है और शनिवार को आयोग के समय पेश होने को कहा है। महिला आयोग ने यहां बताया कि आयोग के अधिकारी और दिल्ली पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त (सिविल लाइंस) शुक्रवार को बिभव कुमार के घर उन्हें नोटिस देने गए। आयोग ने बताया कि घर पर मौजूद व्यक्तियों ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद महिला आयोग के अधिकारियों ने यह नोटिस बिभव कुमार के घर के बाहर चिपका दिया। नोटिस में मुख्यमंत्री के निजी सचिव को 18 मई को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा गया है।महिला आयोग ने इससे पहले बिभव कुमार को इस मामले में नोटिस जारी किया था और उन्हें आज सुबह 11:00 बजे पेश होने को कहा था।

शर्मनाक है कि केजरीवाल बेशर्मी से पीए विभव के साथ घूम रहे हैं: स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर हुई मारपीट का मुद्दा गरमाता जा रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट की घटना के लिए अरविंद केजरीवाल को जिम्मेदार बताते हुए कहा है कि इस घटना के लिए सामने आकर माफी मांगने और कार्रवाई करने के बजाय अरविंद केजरीवाल बेशर्मी से विभव के साथ घूम रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यही केजरीवाल की आदत है कि उन्हें जिस नेता को भी निकालना होता है, उन्हें इसी तरह से मारपीट कर और जलील कर निकाला जाता है। केजरीवाल को सामने आकर माफी मांगने के साथ ही यह भी बताना चाहिए कि उनके घर में यह कैसे हुआ, क्यों हुआ और जिम्मेदार कौन है? भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस घटना की तुलना किसी और घटना से नहीं की जा सकती। यहां तो मुख्यमंत्री की मौजूदगी में उन्ही के घर पर उन्हीं की पार्टी की महिला राज्यसभा सांसद के साथ ये सब हुआ। वो दिल्ली महिला आयोग की चेयरपर्सन रह चुकी हैं।

सरकार आने पर...

उनकी ही भाषा में भाषण दे रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया वे जो चाहे श्री मोदी से बुलवा सकते हैं। उन्होने एक बार फिर चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनाने में सफल होती है तो वे संविधान बदल देगी। आरक्षण खत्म कर देगी। सरकारी उपक्रमों को निजी हाथों में दे देगी और हर नागरिक के बोलने का अधिकार खत्म कर देगी। राहुल गांधीने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों की साथी है और इन्होने किसानों जवानों समेत सभी को धोखा दिया है। उन्होंने खुद की खटाखट, खटाखट शब्द की तुकबंदी करते हुए लोगो से कहा कि भाजपा को जनता हटा देगी फटाफट,फटाफट, फटाफट और व्यंग कसा कि जो कहते थे कि न खायेंगे न खाने देगे वह सब माल डकार गए है गटागट- गटागट । इससे पहले अमेठी में उन्होने कहा कि अमेठी में पहली बार मैं अपने पिता स्वर्गीय राजीव गांधी के साथ 42 साल पहले आया था। जब मैं 12 साल का बच्चा था। जो भी मैंने राजनीति में सीखा है, वो अमेठी की जनता ने मुझे सिखाया है। मैंने अपनी आँखों से अमेठी का और मेरे पिता का जो रिश्ता था, जो प्यार था, जो मोहब्बत थी, देखी और वही मेरी भी राजनीति है। राहुल गांधी ने कहा कि आप ये मत समझिए कि मैं रायबरेली से चुनाव लड़ रहा हूं, मैं आपका हूं, अमेठी का हूं, था, और रहूंगा। मोदी सरकार ने अमेठी की जनता से फूड पार्क छीन लिया जो लाखों लोगों को रोजगार देता। ट्रिपल आईटी छीन लिया, जो भी हमने यहां दिया, वो नरेन्द्र मोदी जी ने छीनने की कोशिश की। यहां पर नेशनल हाईवे का जाल मैंने फैलाया। अमेठी को पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट, राष्ट्रीय उड़ान अकेडमी, एचएएल, बीएचईएल, सीआरपीएफ ट्रेनिंग कैंप, कार्बाइड वाली फैक्ट्री देकर बाकी हिंदुस्तान से जोड़ा मगर कार्बाइड वाली फैक्ट्री का कॉन्ट्रैक्ट नरेन्द्र मोदी जी ने कैंसिल किया।

परिवारवादी गठबंधन के...

चाहती हैं। शाह ने कहा कि कांग्रेस वाले कह रहे हैं कि रायबरेली और अमेठी उनके परिवार की सीट है, यह सीट किसी परिवार की नहीं, बल्कि रायबरेली और अमेठी के गरीब युवाओं की सीट है और जिसे रायबरेली व अमेठी की जनता चाहेगी वही चुनकर संसद जाएगा। उन्होने कहा कि लोकतंत्र में परिवार की कोई सीट नहीं होती, जो संकट में साथ रहता है और विकास करता है वही सीट पर विजयी होता है।आज पूरे देश का मीडिया कह रहा है और यह तय है कि अमेठी में श्रीमती स्मृति ईरानी व रायबरेली में श्री दिनेश प्रताप जीत कर दोनों सीटें नरेन्द्र मोदी की झोली में देंगे। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 70 वर्षों से धारा 370 को संभाल कर रखा था लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 जड़ से समाप्त कर दिया।कांग्रेस कह रही है कि वो धारा 370 को वापस लाएंगे।

जेल के मेरे सीसीटीवी...

ने भाजपा की आलोचना करते हुये कहा कि भाजपा को लगता था कि उन्हें गिरफ्तार करके वह आम आदमी पार्टी को खत्म कर देंगे, लेकिन उनकी गिरफ्तारी से पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला, क्योंकि आम आदमी पार्टी एक परिवार है और परिवार में जब मुसीबत आती है, तो सब और इकट्ठे हो जाते हैं, अलग-अलग बिखरते नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों ने वैसा ही किया, और सब लोग भी इकट्ठे हो गये। इससे उनको संदेश चला गया कि एक केजरीवाल को गिरफ्तार करने से काम नहीं चलेगा। आम आदमी पार्टी का हर कार्यकर्ता केजरीवाल है।

मोनिका को मिला मोस्ट फोटोजेनिक अवार्ड

भोपाल (हिनप्र)। स्टाइल आइकान सीजन चार ग्रैंड फिनाले बीते दिनों भोपाल में आयोजित किया गया, जिसमें किड्स, मिस और मिसेज श्रेणियों के लिए विनर्स घोषित किए गए। इस फिनाले के जजेस सपना सिंह परमार, प्रवीण श्रीवास्तव, विधि जेनियानी तथा डा0 रुपाली जलोटा थे।

मोस्ट फोटोजेनिक का अवार्ड मोनिका कापसे, रिद्धिमन सिंह को दिया गया। मिसेज कैटेगरी तथा डा0 रुपाली थे। मिसेज कैटेगरी की विनर दीपिका सिंह रही। ईरा को फर्स्ट ओर भावना शम्र सेकण्ड रनर अप के खिताब से नवाजा गया। मिस केटेगरी की विनर अलका यादव बनी। बच्चो को चार भाग में बांट दिया गया। केटेगरी ए के विना हियान सत्या तथा अनाया जैन बने। केटेगरी बी के विनर आर्या अजीत तथा विनायक रावत बने। केटेगरी सी की विनर वार्या केथवाल रहीं केटेगरी डी की विनर वैष्णवी रही।

पुरानी रजिंश के चलते युवक के सिर पर डंडा मारकर किया हत्या का प्रयास

भोपाल(काप्र)। पिपलानी थाना इलाके के कमलानगर क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने युवक के सिर पर डंडे से कातिलाना हमला कर दिया। वारदात बीती 11 मई की बताई गई है। हमले के कई दिन बाद घायल के होश में आने पर उसने परिजनों को घटना के बारे में बताया। जिसके बाद पुलिस ने घायल युवक के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला कायम कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार बरखेड़ा में रहने वाला हरीलाल चौरसिया पान की दुकान चलाता है। 11 मई को उनका बेटा आदित्य चौरसिया अपनी नानी के घर कमलानगर थाना पिपलानी गया था। वहां पुरानी रंजिश के चलते उसका हर्ष नामक युवक से विवाद हो गया। सिर पर डंडा लगने से युवक का सिर फट गया जिससे वह बेहोश हो गया। उसे इलाज के लिये जेपी अस्पताल और बाद में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी हर्ष के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया।

नाम परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पति मोहम्मद अली का पूर्व में नाम अनिल गौर पुत्र श्री चेन सिंह गौर था जिन्होंने दिनांक 21/04/2009 को धर्म परिवर्तन कर अपना नाम मोहम्मद अली रखा था और मोहम्मद अली पुत्र श्री चेन सिंह के नाम से जाने व पहचाने जाते थे। मेरे पति मोहम्मद अली का दिनांक 06/05/2021 को स्वर्गवास हो चुका है।
नाम-सबाहत जहां (पत्नी)
पति-स्व. मोहम्मद अली उर्फ अनिल गौर, पता-मकान नं.-278, अहाता रूस्तम खां, श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
525

जाहिर सूचना
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा, ग्राम नरेला हनुमंत सिंह, पटवारी हल्का रतनपुर सड़क, तहसील कोलार, जिला भोपाल की कृषि भूमि खसरा क्रमांक 129/1, 150 व 152/1, कुल 0.7200 हेक्टेयर भूमि, जो राजस्व अभिलेख मे रामगोपाल, मोहन सिंह, पथरी बाई राधा रुकमणी पुत्र-पुत्री जगन्नाथ एवं बाबूलाल, रविशंकर, सपना, पार्वती, ज्ञानवती पुत्र-पुत्री हरी सिंह निवासी-ग्राम बंदौरी तहसील कोलार जिला भोपाल के नाम से दर्ज है को क्रय किये जाने के संबंध में सौदा तय हुआ है एवं उक्त संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा बयाना राशि विक्रेता को अदा कर की जा चुकी है, तथा शीघ्र ही उक्त कृषि भूमि को क्रय किये जाने की कार्यवाही मेरे पक्षकार के द्वारा किया जाना तय हुआ है। उक्त कृषि भूमि के संबंध मे किसी बैंक/वित्तीय संस्थान, किसी व्यक्ति या फर्म या समिति को कोई आपत्ति है तो वह सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ जाहिर सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराये अन्यथा समयावधि उपरांत आपत्ति मान्य नहीं होगी और मेरा पक्षकार उक्त भूमि को क्रय करने हेतु या स्वयं के नाम से पंजीयन पत्र निष्पादित कराये जाने हेतु स्वतंत्र रहेगा। **सूचित हो।**
RAVINDRA RAMTEKE, ADVOCATE
Office: E-5/43, ARERA COLONY, BHOPAL (M.P.)
Contact No. 9407052338
523

जाहिर सूचना
भूखण्ड क्रमांक D-21, जो कि न्यू सिद्धी विनायक कॉलोनी फेस-2, मेण्डोरी रोड़, ग्राम-नीलबड़ भोपाल के संबंध में
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सिद्धी विनायक डेल्हपर्स पता-कार्यालय पता एच-02 प्रथम तल शास्त्री नगर यूनिक कॉलेज के सामने, जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.) द्वारा भागीदार (1) श्री राजीव द्विवेदी पुत्र श्री सीताशरण द्विवेदी आयु-वयस्क निवासी म. नं-171. दुर्गा मंदिर के सामने नीलबड़, भोपाल (2) श्री राजेश मारन पुत्र श्री पी.एल. मारन आयु-वयस्क निवासी-म.नं-62, सेमरी बाजयाफ्त, रातीबड़ रोड़ भोपाल (3) श्री दिनेश अग्रवाल पुत्र श्री निरंजन अग्रवाल आयु वयस्क निवासी-म.नं-एस-254, नेहरू नगर, भोपाल (4) श्री संदीप शर्मा पुत्र स्व. श्री पूरनलाल शर्मा आयु-वयस्क निवासी म.नं-26, जगन्नाथपुरी कॉलोनी, नीलबड़, भदभदा रोड़ भोपाल से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक क्रिता आवासीय भूखण्ड क्रमांक D-21, जो कि न्यू सिद्धी विनायक कॉलोनी फेस-2, मेण्डोरी रोड. ग्राम-नीलबड़ तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित है व जिसका कुल क्षेत्रफल 25X50 =1250 वर्गफीट है व जिसकी चतुर्थ सीमायें निम्नानुसार हैं पूरब में रोड, पश्चिम में प्लाट नंबर डी-06 उत्तर में प्लाट नंबर डी-22 व दक्षिण में प्लाट नंबर डी-20 है, को क्रय करने का अनुबंध करते हुये बयाना राशि अदा कर दी है। उपरोक्त संपत्ति बाबत या उसके विक्रय बाबत किसी व्यक्ति विशेष, वितीय संस्थान या बैंक सोसायटी व शासकीय निगम संस्थान को कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित रूप में दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का विक्रय पत्र अपने हक में निष्पादित करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगें व समयावधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।
Ku.Sharda Alwani Advocate
Office & Residence
141 Flat No. G-1, Prabhu Nagar Colony Idgah Hills, BHOPAL Mob. 9893083009
524

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री नारायण सिंह पुत्र श्री खुशीलाल निवासी ग्राम चौपड़ाकला, तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता भूखण्ड क्रमांक-07 जो खसरा क्रमांक-136/1/ख/1 का अंश भाग स्थित ग्राम चौपड़ाकला, प.ह.न.-16/30, तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) जिसका भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 15 ङ्ग 35 525 वर्गफिट अर्थात् 56.49 वर्गमीटर है जिसकी चतुर्थ सीमायें निम्नानुसार है - उत्तर में भूखण्ड न-08 व 09, दक्षिण में भूखण्ड नं. 06, पूर्व में- कॉलोनी रोड, पश्चिम में-शेष भूमि विक्रेता की है। भूखण्ड को क्रय करने हेतु टोकन राशि का भुगतान कर दिया है जिसकी शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन कराना शेष है। यह कि उक्त भूखण्ड से संबंधित किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, सोसायटी, बैंक का कोई हित व अनुबंध, साम्यिक बंधक या अन्य किसी प्रकार से कोई हित हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर नीचे लिखे पते पर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दस्तावेजी साक्ष्यों सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। म्याद समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा। सूचित हो।
एम.जी. मुखरैया, अधिवक्ता
04 आदित्य काम्पलेक्स, छोला रोड भोपाल, मो. 9329092128
522

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14) अपील क्रमांक FA/335/1995
Process Id: 95534/2024
Respondent No.1 (d) (ii)Fixed for 17.7.24
MOHD.SAEED KHAN **अपीलार्थी**
SMT.ZAITOON BI @ CHHOTI BI & ORS... **प्रत्यर्थी** । सन् 1992 के RCS-A क्रमांक 18 सन् 1992 में न्यायालय Addl. DIstrict Judge, Bhopal (MADHYA PRADESH) की डिक्री/ आदेश, दिनांक के विरूद्ध अपील।
प्रति, Smt. Saura Alias Sanno Wife Of Nawab, D/o Shareef Patel, R/o Durga Chowk, Berasia Road, Bhopal (m.p.), District- Bhopal (MADHYA PRADESH)- **प्रत्यर्थी। अपील की सुनवाई का दिनांक**- कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 17.7.2024 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। **कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक**- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 17.7.2024 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। **सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये**-कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या) (1)- पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाय) (3) यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 17.3.2024 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया। **प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**
तामील किए जाने और मूलप्रति दिनांक 17-05-2024 तक सम्यकरूप से पृष्ठांकित कर वापस लौटाने के लिए श्री Principal District Judge District-Bhopal (MADHYA PRADESH) को अग्रेषित। आवश्यक आदेशिका फीस उद्गहीत कर ली गई है।
प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा
FA-DA-1